प्रेस नोट

दिनांक 14.11.2024

थाना मौदहा पुलिस द्वारा लूट के 02 वांछित अभियुक्त घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लूटे गए रुपये के साथ पुलिस मुठभेडं मे गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देश में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.11.2024 को थाना मौदहा पुलिस के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 471/2024 धारा 309(4) BNS से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त विपिन पाल पुत्र जगभान पाल तथा रोशन निषाद पुत्र बृजलाल को पुलिस मुठभेड़ में पढ़ौरी रोड ग्राम परछा डेरा मोड़ के पास मौदहा, से गिरफ्तार किया गया।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 11.11.2024 को समय करीब 16:10 बजे थाना मौदहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बैंक मित्र रमेश चन्द्र पुत्र शिवरतन निषाद निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, अपने मित्र के साथ इंडियन बैंक मौदहा से 1,80,000/- रुपए निकाल कर अपने गांव छिमौली जा रहे थे कि बड़ेली नाला के पास मोटरसाइकिल पर सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों ने सामने से आकर मिर्च पाउडर डालकर उनका रुपये से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पर उच्चाधिकारियों के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया । वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मौदहा पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 471/2024 धारा 309(4) BNS बनाम मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा पुलिस टीम का गठन कर घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे । थाना मौदहा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से अभियुक्तों की पहचान का प्रयास किया। पुलिस टीम को विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तगण विपिन पाल पुत्र जगभान पाल निवासी बाकी रोड कस्बा व थाना सुमेरपुर तथा रोशन निषाद पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर का नाम प्रकाश में आया।

इसी क्रम में पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पढ़ौरी रोड ग्राम परछा डेरा मोड़ के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति अवैध असलहे के साथ मौजूद है । मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुए आज दिनांक 14.11.2024 को समय करीब 00.15 बजे पुलिस टीम मौके पर पहुंची व घेरकर ललकारा तथा आत्मसमर्पण हेतु कहा गया तो पुलिस टीम से घिरा देखकर फायर कर दिया गया । बचाव में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही से अभियुक्त विपिन पाल के बाएं पैर में गोली लगी व मौके से ही लूट के 55,000/- रुपये तथा 01 अदद अवैध तमंचा, 02 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त रोशन से लूट के 47,000/- रुपये, 01 अदद मोटरसाईकिल बरामद किया गया । घायल अभियुक्त विपिन पाल को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु सी0एस0सी0 मौदहा भेजा गया। आज हुई मुठभेड के सम्बन्ध में पुलिस मुठभेड़ व 3/25 आर्म एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। विवेचना प्रचलित है।

नाम व पता अभियुक्तगण-

1.अभियुक्त विपिन पाल पुत्र जगभान पाल निवासी बाकी रोड कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर

2.रोशन निषाद पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर

बरामदगी का विवरण-

अभियुक्त विपिन पाल के कब्जे से लूट के 55,000/- रुपये व 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया तथा अभियुक्त रोशन के कब्जे से लूट के 47,000/- रुपये, व मौके से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0 नि0 राम आसरे सरोज	2. क्रा0 नि0 चन्द्रशेखर गौतम
3.उ0 नि0 दीपक कुमार	4. उ0 नि0 अभिषेक त्रिवेदी
5. का0 विनोद कुमार	6. का0 रंजीत कुमार
7. का0 आसिफ सेख	